# एम.ए. में पत्रकारिता और जनसंचार

## (एम.ए.जे.एम.सी. - द्वितीय वर्ष)

## असाइनमेंट

## जनवरी 2025 और जुलाई 2025 चक्र

**एमजेएम-026/126**

**एमजेएम-027**

**एमजेएम-028**

**एमजेएम-029**

**एमजेएम-030/130**

**एमजेएम-031**


**पत्रकारिता एवं नवीन मीडिया अध्ययन विद्यालय**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**

**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068**

# एम.ए.जे.एम.सी. – असाइनमेंट

**प्रिय शिक्षार्थी,**

जैसा कि प्रोग्राम गाइड में बताया गया है, आपको सभी पाठ्यक्रमों में से प्रत्येक में एक असाइनमेंट जमा करना होगा। असाइनमेंट बनाने से पहले, कृपया प्रोग्राम गाइड में दिए गए विस्तृत निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

प्रत्येक असाइनमेंट के सामने जमा करने की **अंतिम तिथि** दी गई है। कृपया ध्यान दें कि आपको सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए निर्धारित समय के भीतर अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को ये उरोक्त सभी असाइनमेंट जमा करने होंगे।

आपको असाइनमेंट के पहले पृष्ठ पर अपना **नामांकन नंबर, नाम, पता, असाइनमेंट कोड और अध्ययन केंद्र कोड** का उल्लेख करना होगा। आपको जमा किए गए असाइनमेंट के लिए अध्ययन केंद्र से **रसीद प्राप्त** करनी होगी और उसे संभाल कर रखना होगा। असाइनमेंट की एक फोटोकॉपी प्रमाण के तौर पर अपने पास रखना अनिवार्य होगा।

मूल्यांकन के बाद, असाइनमेंट आपको अध्ययन केंद्र द्वारा वापस करने का प्रावधान हैं। कृपया इस पर जोर दें और अपने पास रिकॉर्ड रखें। आपके द्वारा प्राप्त किए गए अंक केंद्र द्वारा इग्नू, नई दिल्ली में एस.ई.डी. (SED) को भेजे जाएंगे।

**असाइनमेंट करने के लिए दिशा-निर्देश**

प्रत्येक असाइनमेंट में दिए गए सभी प्रश्नों को निर्देशानुसार हल करें। असाइनमेंट बनाते समय आपको निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना होगा:

**योजना:** सबसे पहले अध्ययन सामग्री को ध्यान से पढ़ें। कार्यक्रम के लिए आयोजित टेलीकांफ्रेंसिंग सत्र और इंटरैक्टिव रेडियो परामर्श सत्रों में भाग लें। यदि आवश्यक हो तो आप अध्ययन केंद्र/क्षेत्रीय केंद्र से विवरण भी प्राप्त कर सकते हैं और फिर असाइनमेंट को ध्यान से पढ़ें। जिन इकाइयों पर वे आधारित हैं, उन्हें देखें। प्रत्येक प्रश्न के बारे में कुछ बिंदु बनाएं और फिर उन्हें तार्किक क्रम में पुनर्व्यवस्थित करें।

**संगठन:** अपने उत्तर की एक रूपरेखा बनाएँ। अपने उत्तर के लिए जानकारी के चयन में विश्लेषणात्मक रहें। परिचय और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। सुनिश्चित करें कि असाइनमेंट के:

- तार्किक और सुसंगत हो;
- वाक्यों और पैराग्राफ में जानकारी का उचित प्रवाह हो; और
- आपकी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति पर पर्याप्त विचार करते हुए सही ढंग से लिखा गया हो।

प्रस्तुति: एक बार जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाते हैं, तो आप प्रत्येक उत्तर को साफ-सुथरा लिखते हुए, जमा करने के लिए अंतिम संस्करण लिख सकते हैं।

शुभकामनाओं के साथ,

डॉ. अमित कुमार

कार्यक्रम समन्वयक

ईमेल: amitkumar@ignou.ac.in

## एमजेएम-029: विज्ञापन और जनसंपर्क

**अंतिम तिथि - सत्रांत जून के लिए 31 मार्च और सत्रांत दिसंबर के लिए 30 सितंबर**
**(अंतिम तिथि: कृपया अंतिम तिथि पर नवीनतम अपडेट के लिए वेबसाइट देखें)**

असाइनमेंट कोड: एमजेएम-029 जनवरी 2025/ जुलाई 2025 चक्र

अधिकतम अंक: 100

वेटेज: 30%

---

***नोट:*** *(i) सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक एक समान हैं = प्रत्येक 20*
*(ii) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।*

---

1. हाल ही में जारी एक भारतीय विज्ञापन चुनें और इस्तेमाल की गई विज्ञापन अपीलों (भावनात्मक, तर्कसंगत या अन्य) की पहचान करें। AIDA मॉडल का उपयोग करके इन अपीलों की प्रभावशीलता का विश्लेषण कीजिए ।

2. एक प्रसिद्ध भारतीय FMCG ब्रांड (जैसे, अमूल, टाटा, पतंजलि, आदि) चुनें और इसकी ब्रांड पोजिशनिंग रणनीति का मूल्यांकन करें। ब्रांड अपने प्रतिस्पर्धियों से खुद को कैसे अलग करता है? अपने विश्लेषण का समर्थन करने के लिए पाठ्यक्रम से प्रासंगिक सिद्धांतों का उपयोग कीजिए ।
3. भारत में किसी राज्य या केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनसंपर्क अभियान का अध्ययन करें। इसके उद्देश्यों, उपयोग किए गए उपकरणों और जनता पर पड़ने वाले प्रभाव का विश्लेषण करें। सुधार के लिए सिफारिशें प्रदान कीजिए ।
4. एक उपभोक्ता उत्पाद चुनें और उसके विज्ञापन अभियान के लिए मीडिया योजना प्रस्तावित करें। उत्पाद के लक्षित दर्शकों और बजट विचारों के आधार पर मीडिया (टीवी, डिजिटल, आउटडोर, आदि) की अपनी पसंद को उचित ठहराएँ।
5. भारत में हाल ही में चलाए गए स्वच्छता जन जागरूकता अभियान का विषय था, "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता," 2024 में। इस अभियान के उद्देश्यों, लक्षित दर्शकों और मीडिया रणनीति का विश्लेषण करें। विज्ञापन अनुसंधान सिद्धांतों के आधार पर सुधार सुझाएँ।